





# सब्जी मंडी में पेड़ की शाखा गिरने से हादसा

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 अप्रैल।** शहर की सब्जी मंडी में सोमवार दोपहर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक पुराने पीपल के पेड़ की भारी शाखा अचानक टूटकर नीचे गिर गई। हादसे में 6 लोग घायल हो गए। इनमें से एक युवक के सिर में गंभीर चोट आई, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर किया गया है।

**6 लोग घायल, एक ग्वालियर रेफर**



**मंडी में मची भगदड़, लोग घबराकर इधर-उधर भागे :** घटना दोपहर के समय की है, जब मंडी में सब्जी खरीदने और बेचने वालों की भीड़ थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक पुराने पीपल के पेड़ की भारी भरकम शाखा अचानक टूटकर नीचे आ गिरी। शाखा की चपेट में कई लोग आ गए। गिरते ही जोरदार आवाज हुई और मंडी में अफरा-तफरी मच गई। लोग घबराकर इधर-उधर भागने लगे। इस हादसे में आकाश (23) पुत्र हुकुम सिंह कुशवाहा निवासी न्यू कुशवाह कॉलोनी, सीटू (19) पुत्र नानू निवासी अलीगढ़, मुलू (40) पुत्र शिवशंकर निवासी सुभाष नगर, आकाश (26) पुत्र प्रमोद सिंह जादौन निवासी सुभाष चौराहा।

अन्य दो घायलों की शिनाख्त जारी है। इनमें एक युवक को गंभीर चोट लगने के कारण ग्वालियर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जबकि एक अन्य को मामूली चोट आई और उसे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। दो अन्य घायल फिलहाल भिंड जिला अस्पताल में भर्ती हैं।

**पुलिस ने किया रेस्क्यू, पेड़ की अन्य शाखाएं जांच के घेरे में**
हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। पेड़ के आसपास अस्थायी रूप से बैरिकेडिंग लगाकर सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। साथ ही नगरपालिका प्रशासन को अलर्ट किया गया है कि पेड़ की अन्य कमजोर शाखाओं की तत्काल जांच कराई जाए। वहीं सिटी कोतवाली टीआई ब्रजेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। कुल छह लोग घायल हुए हैं, जिनमें से एक को ग्वालियर रेफर किया गया है। दो घायल जिला अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि तीन को साधारण चोटें आई हैं।

# संक्रामक बीमारियों से बचाव की दी जानकारी



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 अप्रैल।** जिले में बढ़ती गर्मी और लू के प्रभाव से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जगत सिंह यादव ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में विभिन्न संक्रामक रोगों (जैसे आंत्रशोथ, पेचिश, दस्त, कॉलरा, पीलिया, मस्तिष्क ज्वर, निर्जलीकरण, हीट रैश, हीट स्ट्रोक) का खतरा बढ़ जाता है। इस समय स्वच्छ जल की उपलब्धता अत्यधिक महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि जल के अभाव में इन बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ सकता है।

डॉ. यादव ने बताया कि गर्मी और लू से बचने के लिए लोगों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सभी संबंधित विभाग अपने-अपने क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिक्षा देने का कार्य करें और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि हर महीने कुएं और जल स्रोतों का कलोरीनिकेशन कराया जाए ताकि स्वच्छ पानी की उपलब्धता बनी रहे। गर्मियों में तापमान में वृद्धि के कारण लू और ताप से बचने के लिए डॉ. यादव ने आमजन से अपील की है कि वे घर से बाहर निकलने से पहले सिर, कान और गर्दन को गमछे या तौलिये से ढककर ही धूप में बाहर जाएं। इसके अलावा, उन्होंने हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनने, रंगीन चश्मे का उपयोग करने और अधिक पानी व पेय पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी। साथ ही, अत्यधिक भीड़-भाड़ और यात्रा से बचने की भी अपील की गई है। यदि कोई व्यक्ति लू से पीड़ित हो, तो डॉ. यादव ने प्राथमिक उपचार के कुछ आसान उपाय बताए।

# सीएम हेल्पलाइन का निराकरण तत्परता से करें : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 अप्रैल।** कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में समय सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि समस्त विभाग सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण में फोकस करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री सुनील दुबे, अपर कलेक्टर श्री एल.के. पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिवांगी अग्रवाल सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी तथा कई अधिकारी वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे।कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों तथा निराकरण की स्थिति की विभागवार समीक्षा की। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने ईकेवाईसी की समीक्षा कर कहा कि संबंधित अधिकारी समग्र ईकेवाईसी पर विशेष ध्यान दें और कार्य में प्रगति लाएं।

उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने गर्मी के मौसम के दृष्टिगत पेयजल समस्या के संबंध में समस्त एसडीएम, सीईओ जनपद, सीएमओ एवं पीएचई विभाग अधिकारियों से जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए।

# हादसों में दो की दर्दनाक मौत, शादी की खुशियां मातम में बदलीं

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 अप्रैल।** जिले में दो अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों ने दो परिवारों की खुशियों को गहरे मातम में बदल दिया। पहला हादसा पावई थाना क्षेत्र में सोमवार रात को हुआ, जब दिल्ली से आए एक दंपती अपनी भांजी की शादी में शामिल होने के लिए मोटरसाइकिल से जा रहे थे।

राजपुरा पुलिया के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर के लिए रेफर किया गया है। वहीं उनके साथ बाइक पर सवार दो मासूम बच्चे भी घायल हुए हैं, जिनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

मृतका की पहचान वंदना तिवारी (35) के रूप में हुई है, जबकि घायल पति बंटी तिवारी (38) पुत्र रामसिया तिवारी, पावई थाना क्षेत्र के वर्गामा गांव के निवासी हैं। वह दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते हैं और दो दिन पहले ही अपनी बहन मनीषा की बेटी मोना की शादी में शामिल होने के लिए गांव लौटे थे। सोमवार रात को परिवार के साथ शादी समारोह में अजनोड़ा जा रहे थे, तभी यह दर्दनाक हादसा हो गया।

टक्कर इतनी भीषण थी कि सभी चारों लोग पुलिया से नीचे जा गिरे। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया



गया। डॉक्टरों ने वंदना तिवारी को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल बंटी को ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। उनके आठ वर्षीय बेटी लक्ष्मी और पांच वर्षीय बेटे अंशुल को भी चोटें आई हैं, लेकिन दोनों खतरे से बाहर हैं। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश की जा रही है।

दूसरी घटना रविवार शाम को लहार क्षेत्र के असवार थाना अंतर्गत डूडा गांव के पास घटी। यहां सुजानपुरा गांव निवासी रामअवतार बघेल अपनी बेटी की शादी के लिए मिट्टी के बर्तन लाने बरहा गांव गए थे। बर्तन लेकर लौटते समय डूडा गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों द्वारा उन्हें तत्काल लहार अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

रामअवतार की बेटी बबिता की शादी 29 अप्रैल को तय थी और घर में शादी की तैयारियां पूरे जोर-शोर से चल रही थीं। रविवार को च्मंडमज (मड़वा) का कार्यक्रम था, जिसके लिए वह आवश्यक सामान लेने निकले थे। लेकिन इस हादसे ने खुशियों भरे घर को पलभर में मातम में बदल दिया। रामअवतार तीन बेटियों और एक बेटे के पिता थे। उन्होंने पहले अपनी बड़ी बेटी की शादी की थी और अब दूसरी बेटी की शादी की तैयारियों में जुटे थे। लेकिन हादसे ने उनके परिवार को गहरे दुख में डुबो दिया है। घर में जहां शादी के गीत गूंजने थे, अब वहां मातम पसरा है। पत्नी और बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल है। असवार थाना पुलिस ने भी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। दोनों मामलों में पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर वाहन चालकों की तलाश शुरू कर दी है। लगातार हो रहे ऐसे सड़क हादसे जिले में सुरक्षा व्यवस्था और ट्रैफिक निगरानी को लेकर भी सवाल खड़े कर रहे हैं। हादसों ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं, जिससे पूरे इलाके में शोक की लहर है।

# अवैध लकड़ी परिवहन में लिप्त आयशर कैंटर पकड़ा

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 अप्रैल।** वन विभाग की सक्रियता से एक बड़ी कार्रवाई में अवैध रूप से लकड़ी का परिवहन कर रहे आयशर कैंटर वाहन को जब्त किया गया।

**वन संपदा की तस्करी नाकाम, विभाग की सजग टीम ने दिखाई मुस्तैदी**

मुखबिर की सूचना पर रविवार शाम 6=30 बजे गश्ती दल ने त्वरित कार्रवाई करने के लिए टीम भिंड से रवाना हुआ। यहां रविवार की रात और सोमवार का पूरा दिन मौके पर डेरा डाले रखा।

**सतर्कता से निगरानी की वजह से मिली सफलता :** जानकारी के अनुसार दल प्रभारी मनभावन सिंह परमार ने बताया कि रविवार रात और सोमवार को हमारी टीम के द्वारा सतर्कता निगरानी रखने पर सोमवार शाम 5=30 बजे ग्राम खिरियापार तहसील आलमपुर से बबूल, रेमझा और बेर की लकड़ी से भरा आयशर कैंटर पकड़ने में



सफलता मिली। वाहन को जब्त कर आलमपुर थाने में रखा गया है। यह कार्रवाई एसडीओ बहादुर सिंह और रेंजर बसंत शर्मा के निर्देशन में की गई। इस दौरान टीम में संजय तिवारी कार्यवाहक वनपाल, परिक्षेत्र सहायक रौन, नीरज शर्मा, जितेन्द्र अगरैया, दुर्गेश राजावत, जितेन्द्र यादव, जयकरण सिंह परिहार, अखिलेश राठौर एवं सुरेश कुमार अटल शामिल रहे।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बबूल, बेर और रेमझा जैसे बहुपयोगी वृक्षों की अवैध कटाई और तस्करी पर नकेल कसने के लिए लगातार गश्ती अभियान चलाए जा रहे हैं। विभाग की यह तत्परता जंगल संरक्षण और अवैध माफियाओं पर लगाम कसने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। इस मामले में वन विभाग द्वारा आगामी कार्रवाई के लिए आवश्यक दस्तावेज तैयार किए जा रहे हैं। जब्त लकड़ी की मात्रा का अनुमान और संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

# न्यायालय परिसर में मटका प्याऊ की व्यवस्था



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 अप्रैल।** भीषण गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद और नवांकुर संस्था द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत न्यायालय परिसर में मटका प्याऊ की व्यवस्था की गई। यह विशेष पहल स्व. विद्या देवी लल्ला प्रसाद झा शिक्षा प्रसार समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित की गई थी। कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय न्यायाधीश राकेश बंसल एडीजे लहार द्वारा किया गया।

इस अवसर पर न्यायालयीन पक्षकारों, विधि विशेषज्ञों और एडवोकेट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में बार के अध्यक्ष विकास विरथरे, एड. ओमकार सिंह, प्रेम बाबू सक्सेना, वैदेही शरण, जगमोहन सिंह, के.एल. बघेल, सुनील गुप्ता, प्रेम बाबू जारोलिया, मुन्ना लाल त्रिपाठी, अभिषेक भारद्वाज एडवोकेट, और संस्था के कार्यक्रम समन्वयक सत्यम झा, सहसचिव जयनारायण श्रीवास्तव, प्रिंस परिहार के अलावा न्यायालय के स्टाफ ने भी भाग लिया। इस पहल से न्यायालय परिसर में उपस्थित लोगों को ठंडे पानी की सुविधा प्राप्त हुई, जिससे गर्मी से राहत मिली। यह अभियान जल संरक्षण और पानी की महत्ता को लेकर जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण कदम है, और इसके माध्यम से समाज में जल संवर्धन के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।

# पीएचई विभाग अधिकारियों एवं ठेकेदारों की बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 अप्रैल।** कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल योजना की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री सुनील दुबे, ई.ई. पीएचई श्री आर.के. सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं ठेकेदार उपस्थित रहे।

कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने जल जीवन मिशन योजना के तहत स्वीकृत नल जल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा कर कहा कि इसके क्रियान्वयन में शिथिलता या कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी और जवाबदेही तय करते हुए संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने ई.ई. पीएचई को निर्देशित कर कहा कि किसी अधिकारी या ठेकेदार के द्वारा नल जल योजना के कार्य में लापरवाही बरती जा रही है तो उनकी सूची दें, उन पर भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि नल जल योजनान्तर्गत अब जितने भी शेष नल कनेक्शन रहे हैं। सभी का कार्य जल्द से जल्द हर हाल में पूरा किया जाए। यदि कहीं समस्या है तो अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि शेष नल कनेक्शन की जानकारी सभी डिवीजन अधिकारियों से एकत्रित कर प्रस्तुत करें, एक सप्ताह में कार्य पूरा नहीं होने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# बाल विवाह रोकने के लिए चला रेस्क्यू अभियान, नाबालिग की शादी रुकवाई

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 अप्रैल।** जिले के मेहगांव क्षेत्र अंतर्गत रजपुरा गांव में एक नाबालिग लड़की की शादी रोकने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस तथा सामाजिक संस्था धरती समाज सेवा संस्था की संयुक्त टीम को करीब छह घंटे तक लगातार मशक्कत करनी पड़ी। टीम ने पहले रजपुरा में शादी की तैयारियों को रोका, फिर गोहद जाकर लड़की के दस्तावेजों की जांच की और आखिरकार परिजनों से शपथ पत्र भरवाकर शादी को रुकवाया।

**मंडप सज चुका था, तभी पहुंची टीम :** जानकारी के अनुसार रजपुरा गांव निवासी मुंशीलाल अपनी नाबालिग बेटी का विवाह 29 अप्रैल को धूमधाम से कराने की तैयारी में था। इसी बीच धरती समाज सेवा संस्था को बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुई। उन्होंने तत्काल महिला एवं बाल विकास विभाग व पुलिस प्रशासन को अलर्ट किया। टीम जैसे ही रजपुरा पहुंची, वहां शादी की तैयारियों का कार्य अंतिम चरण में था। पूछताछ में परिजनों ने लड़की के गोहद में रहने और दस्तावेज उपलब्ध न होने की बात कही।

**गोहद में मिली सच्चाई, लड़की थी नाबालिग :** इसके बाद संयुक्त टीम लड़की के परिजनों को साथ लेकर गोहद पहुंची, जहां लड़की के उम्र संबंधी दस्तावेजों की गहन जांच की गई। दस्तावेजों के आधार पर पुष्टि हुई कि लड़की



अभी 18 वर्ष की नहीं हुई है। इसके बाद बाल विवाह रोकथाम अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए लड़की और उसके परिजनों को मेहगांव एसडीओपी कार्यालय लाया गया।

**परिजनों से लिया गया शपथ पत्र :** यहां पर परिजनों को बाल विवाह कानून की जानकारी दी गई, साथ ही यह स्पष्ट किया गया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है। परिजनों ने लिखित शपथ पत्र दिया कि वे अपनी बेटी का विवाह तभी करेंगे जब वह बालिग हो जाएगी।

**अधिकारियों ने दी जानकारी :** महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी महावीर सिंह ने बताया कि लड़की गोहद में रह रही थी और विवाह के लिए रजपुरा आई थी।

उसकी उम्र 18 वर्ष से कम पाई गई, इसलिए शादी को तत्काल रुकवाया गया और परिजनों को आवश्यक कानूनी जानकारी दी गई। वहीं, धरती समाज सेवा संस्था के जिला समन्वयक रामवीर सिंह राजावत ने कहा कि संस्था को जैसे ही बाल विवाह की सूचना मिली, हमने तुरंत विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर संयुक्त कार्रवाई की। इस प्रकार के मामलों में समाज की जागरूकता बेहद आवश्यक है।

**समाज को दी जागरूकता की मिसाल**
यह कार्रवाई एक बार फिर साबित करती है कि यदि समय रहते सूचना मिले और प्रशासन सक्रिय हो, तो बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। यह केवल एक विवाह को रोकने की बात नहीं, बल्कि एक बच्ची का भविष्य बचाने की पहल है।

# दंदरौआधाम मेले में घुड़सवारी और बैलगाड़ी दौड़ में रोमांच, विजेताओं को मिले पुरस्कार

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 अप्रैल।** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक एवं आस्था के केंद्र दंदरौआधाम मेले में सोमवार को पारंपरिक घुड़सवारी और बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर महंत रामदास महाराज ने विधिवत घोड़े की पूजा अर्चना कर किया।

**घुड़सवारी दौड़ : बिजली ने सभी को पछाड़ा, दूसरे नंबर पर चेतक रहा**



घुड़सवारी प्रतियोगिता में क्षेत्रभर से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया। खास बात यह रही कि दतिया, रंछौली, मिहोली, बंधौली, बडेरा, मेहगांव और अजनौधा सहित अनेक गांवों से प्रतिभागी अपने-अपने घोड़े और घोड़ी लेकर मेले में पहुंचे। भीड़ में प्रतियोगिता को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता में भानु प्रताप सिंह की घोड़ी 'बिजली' ने पहला स्थान प्राप्त किया जबकि प्रतिपाल सिंह यादव के घोड़े 'चैतक' को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। प्रथम स्थान पर रहने वाले को 21 हजार रुपए एवं द्वितीय स्थान पर रहने वाले को 11 हजार रुपए की पुरस्कार राशि महंत श्री रामदास महाराज द्वारा भेंट की गई।

इसी क्रम में बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसमें अलवेल सिंह जाट मिहोली की बैलगाड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा निहाल सिंह परिहार बंधौली की बैलगाड़ी दूसरे स्थान पर रही। इन विजेताओं को भी क्रमशः 21 हजार रुपए एवं 11 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इस आयोजन में ग्रामीण खेल परंपराओं को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों में विशेष उत्साह और आनंद भर दिया।

**दंदरौआधाम केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं बल्कि ग्रामीण संस्कृति का भी संरक्षण स्थल :** महंत श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामदास महाराज ने इस अवसर पर कहा कि दंदरौआधाम केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं बल्कि ग्रामीण संस्कृति और परंपराओं का भी संरक्षण स्थल है। हम चाहते हैं कि युवाओं में पारंपरिक खेलों के प्रति रुचि बढ़े और वे अपनी मिट्टी से जुड़े रहें। घुड़सवारी और बैलगाड़ी दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं हमारे पूर्वजों की विरासत हैं जिन्हें जीवित रखना हमारा दायित्व है। भविष्य में इन आयोजनों को और अधिक भव्य रूप दिया जाएगा।

**हमारा उद्देश्य संस्कृति को बढ़ावा देना**
मेला संयोजक प्रमोद चौधरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि ग्रामीण खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है। इस वर्ष रिकॉर्ड संख्या में प्रतिभागियों की भागीदारी और दर्शकों का उत्साह यह साबित करता है कि इन पारंपरिक आयोजनों को लोग कितना पसंद करते हैं। अगले वर्ष से हम और भी खेलों जैसे कुश्ती, कबड्डी, और मटकी फोड़ प्रतियोगिताएं शामिल करने की योजना बना रहे हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मेला प्रबंधक रामबरन पुजारी, मेला संयोजक प्रमोद चौधरी, जलज त्रिपाठी, कालीचरण सिंह गुर्जर, सरपंच दर्शन सिंह गुर्जर, कुंवरराज सिंह गुर्जर, विनोद सिंह, हरिओम बरुआ सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।



# संदीप सिंह ने झुग्गी बस्ती के बच्चों के बीच खुशी बांटी

**भिण्ड, 28 अप्रैल।** मानवता परिवार की सदस्या प्रभाती घोष के सुपुत्र और प्रसिद्ध शिक्षाविद् संदीप सिंह ने एक प्रेरणादायक पहल की। उन्होंने झुग्गी बस्ती के बच्चों के बीच खुशी बांटते हुए एक विशेष आयोजन किया, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी और आशा की नई किरण खिली।

संदीप सिंह ने मानवता की पाठशाला में अध्ययनरत नन्हे-मुन्ने बच्चों को ड्राइंग बुक्स, कलर किट्स जैसी शिक्षा सामग्री भेंट की, जिससे बच्चों को अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने और पढ़ाई के प्रति और भी प्रेरित होने का अवसर मिला। इस उपहार ने बच्चों को नई उम्मीदें दीं और उन्हें शिक्षा के महत्व को और बेहतर तरीके से समझने में मदद की। इसके अलावा, भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए, संदीप सिंह ने बच्चों को ठंडक देने के लिए स्वादिष्ट फ्रूटी वितरित की। यह छोटे से प्रयास ने बच्चों के दिलों में ठंडक पहुंचाई और उन्हें सुकून का अनुभव हुआ। इस पहल के दौरान बच्चों की हंसी और खुशी ने संदीप सिंह के प्रयास को सार्थक बना दिया। मानवता परिवार ने इस सराहनीय कार्य के लिए संदीप सिंह का आभार व्यक्त किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।